

इस हार को लेकर बहुत ज्यादा नहीं सोचना चाहिए। आप अपनी हार से हमेशा बहुत कुछ सीखते हैं, शायद जीत के मुकाबले भी ज्यादा। आपको वापस जाकर पूरी टीम के रूप में बातचीत करनी होती है। - **हैरी ब्रुक**

इंग्लैंड कप्तान, अपनी टीम की हार को लेकर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी



मोहित बर्मन

पंजाब किंग्स के सह मालिक मोहित बर्मन का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का कार्यक्रम इतना लंबा होना चाहिए कि सभी 10 टीम एक-दूसरे के खिलाफ घरेलू और विरोधी टीम के मैदान पर मुकाबले खेल सकें। मौजूदा व्यवस्था में प्रत्येक टीम एक सत्र में लीग चरण के 14 मुकाबले खेलती है लेकिन सभी टीमों का एक-दूसरे से दो बार सामना नहीं होता। वर्ष 2028 से शुरू होने वाले मीडिया अधिकार चक्र में आईपीएल के मुकाबलों की संख्या 74 से बढ़कर 94 होने की संभावना है।

क्या आप जानते हैं ?... भारतीय टीम ने अपना पहला आधिकारिक टेस्ट मैच 25 जून 1932 को लॉर्ड्स के मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ खेला था।

जापान मास्टर्स के फाइनल में पहुंचे लक्ष्य सेन, अल्वी फरहान को हराया



कुमामोटो, 14 नवंबर। भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए जापान मास्टर्स 2026 के फाइनल में जगह बना ली है। शनिवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में लक्ष्य ने इंडोनेशिया के अल्वी फरहान को तीन गेम तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में 21-12, 15-21, 21-11 से हराया। लक्ष्य ने एक घंटे नौ मिनट तक चले मुकाबले में जीत हासिल की। अब खिताबी मुकाबले में उनका सामना जापान के कोकी वतानाबे या पूर्व विश्व नंबर एक थाईलैंड के कुनलावुत वितिदसार्न में से किसी एक से होगा। 25 वर्षीय लक्ष्य के लिए यह जीत इस सत्र में उनकी शानदार वापसी का एक और प्रमाण है। पिछले कुछ समय से अंतरराष्ट्रीय टूर पर संघर्ष कर रहे लक्ष्य ने जर्मनी में शानदार प्रदर्शन के साथ अपनी लय हासिल की थी। उन्होंने हायलो ओपन के फाइनल में इंडोनेशिया के मौजूदा चैंपियन जोनाथन क्रिस्टी को 21-17, 21-10 से हराकर इस सत्र का अपना पहला और करियर का सातवां खिताब जीता था।

गुजरात टाइटंस ने हर्षल पटेल को 4 करोड़ में अपनी टीम में शामिल किया



नई दिल्ली, 14 नवंबर। आईपीएल 2027 से पहले खिलाड़ियों की अदला-बदली का दौर तेज हो गया है। इसी बीच गुजरात टाइटंस ने अपने घरेलू राज्य के अनुभवी तेज गेंदबाज हर्षल पटेल को टीम में शामिल करने का फैसला किया है। सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस के बीच हर्षल को लेकर सहमति बन गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह सौदा पूरी तरह नकद आधार पर 4 करोड़ रुपये में होगा। इस तरह हर्षल एक बार फिर अपनी घरेलू टीम के लिए खेलते नजर आएंगे। क्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, सनराइजर्स हैदराबाद ने हर्षल पटेल को आईपीएल 2025 की बड़ी नीलामी में 8 करोड़ रुपये खर्च करके खरीदा था। अब गुजरात टाइटंस उन्हें इस रकम के आधे यानी 4 करोड़ रुपये में अपनी टीम का हिस्सा बनाने जा रही है। सौदा पूरा होने के बाद गुजरात के पास नीलामी के लिए उपलब्ध रकम में भी 4 करोड़ रुपये की कमी हो जाएगी।

आईएसपीएल के चौथे सत्र के लिए प्लेयर ऑक्शन आज, आठ फ्रेंचाइजी तैयार करेंगी अपनी टीमें

मुंबई, 14 नवंबर। इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग के चौथे सत्र के लिए खिलाड़ी नीलामी रविवार, 15 नवंबर को मुंबई में आयोजित की जाएगी। टेनिस बॉल से खेले जाने वाले इस टी10 टूर्नामेंट की आठों फ्रेंचाइजी आगामी सत्र के लिए अपनी टीमें तैयार करेंगी। नीलामी को लीग के चौथे सत्र की तैयारियों का महत्वपूर्ण पड़ाव माना जा रहा है। नीलामी के दौरान आईएसपीएल की कोर समिति के सदस्यों के साथ कैबिनेट मंत्री आशीष शेलार, क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर, मीनल अमोल काले और सूरज सामत मौजूद रहेंगे। इसके अलावा मुख्य चयनकर्ता जतिन परांजपे और प्रवीण आमरे भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। कोलकाता फ्रेंचाइजी टाइगर्स के सह-मालिक सैफ अली खान और करीना कपूर खान की भी मौजूदगी रहेगी। नीलामी में प्रत्येक फ्रेंचाइजी के पास खिलाड़ियों को खरीदने के लिए 1.5 करोड़ रुपये का बजट होगा। हर टीम को 18 खिलाड़ियों का दल तैयार करना होगा। टीम में आईएसपीएल के सभी आठ क्षेत्रों से कम से कम एक-एक खिलाड़ी और अंडर-19 वर्ग के कम से कम दो खिलाड़ियों को शामिल करना अनिवार्य होगा। वहीं, प्रत्येक मैच की अंतिम एकादश में कम से कम एक अंडर-19 खिलाड़ी और आईएसपीएल के चार अलग-अलग क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले चार खिलाड़ी होने जरूरी हैं। नए नियमों के तहत हर फ्रेंचाइजी को अपनी टीम में इन सभी आठ क्षेत्रों से कम से कम एक खिलाड़ी रखना होगा। साथ ही, क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व को मैदान पर भी अवसरों में बदलने के लिए टीम में शामिल प्रत्येक क्षेत्रीय खिलाड़ी को लीग चरण के कम से कम एक मुकाबले में खेलना अनिवार्य होगा।

भारत ने पाक को एक विकेट से हराकर जीता अंडर-19 एशिया कप का खिताब

338 रन का लक्ष्य आखिरी ओवर में किया हासिल, मोहित उल्वा ने 26 गेंदों पर नाबाद 49 रन बनाकर दिलाई रोमांचक जीत

अल अमेरात (ओमान), 14 नवंबर। भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम ने शनिवार को रोमांच की सारी हदें पार करते हुए चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को एक विकेट से हराकर 2026 एसीसी पुरुष अंडर-19 एशिया कप का खिताब जीत लिया। अल अमेरात क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए फाइनल में भारत ने 338 रन के विशाल लक्ष्य को आखिरी ओवर में हासिल किया। भारतीय टीम ने नौ विकेट पर 339 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया।

भारत की इस यादगार जीत में मोहित उल्वा और मनल चौहान ने अहम भूमिका निभाई। उल्वा ने दबाव के बीच 26 गेंदों पर पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 49 रन बनाए और टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। उनके साथ चिगुरुपति वेंकट ने आठ गेंदों पर नाबाद 11 रन बनाकर महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम ने निर्धारित 50 ओवर में नौ विकेट पर 337 रन बनाए। उस्मान खान ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 111 गेंदों पर 107 रन की शतकीय पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में 11 चौके और तीन छक्के लगाए। अब्दुल कादिर ने 54 गेंदों पर 80 रन बनाकर तेजी से रन जोड़े। उनकी पारी में आठ छक्के और तीन चौके शामिल रहे।

पाकिस्तान के कप्तान फरहान यूसुफ ने भी 60 गेंदों पर 63 रन का योगदान दिया, जबकि अहमद हुसैन ने 17 रन बनाए। भारत की ओर से काव्या पटेल सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 68 रन देकर चार विकेट हासिल किए। चिगुरुपति वेंकट ने तीन विकेट झटके।



338 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को कप्तान लक्ष्य राजेश रायचंदानी ने संभली हुई शुरुआत दिलाई। उन्होंने 101 गेंदों पर 80 रन बनाए। आर्यवीर सहवाग ने 61 गेंदों पर 58 रन का योगदान दिया। मनल चौहान ने 32 गेंदों पर आक्रामक 47 रन बनाकर भारत की जीत की उम्मीदें कायम रखीं।

हालांकि, नियमित अंतराल पर विकेट गिरने से भारतीय टीम दबाव में आ गई। ऐसे मुश्किल समय में मोहित उल्वा ने तेज बल्लेबाजी करते हुए मुकाबले का रुख बदल दिया। उन्होंने नाबाद 49 रन की पारी खेलकर भारत को जीत की दहलीज तक पहुंचाया। चिगुरुपति वेंकट ने भी अंत तक उनका साथ दिया और भारत ने आखिरी ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।

पाकिस्तान की ओर से रिजवानुल्लाह ने तीन विकेट लिए, जबकि निकाब शफीक को दो विकेट मिले। इस जीत के साथ भारतीय युवा खिलाड़ियों ने बड़े दबाव वाले फाइनल में संयम और संघर्ष का शानदार प्रदर्शन करते हुए महाद्वीपीय खिताब अपने नाम कर लिया।

वैभव ने रचा इतिहास, बने पुरुष टी-20 क्रिकेट के सबसे युवा कप्तान



इंदौर, 14 नवंबर। भारतीय क्रिकेट की उभरती प्रतिभा वैभव सूर्यवंशी ने महज 15 साल की उम्र में इतिहास रच दिया है। वह पुरुष टी20 क्रिकेट के इतिहास में कप्तानी करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। वैभव को जारी सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2026 में बिहार की टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। उन्होंने शनिवार को इंदौर के होलकर स्टेडियम में सौराष्ट्र के खिलाफ एलीट ग्रुप-बी मुकाबले में बिहार की कमान संभाली। बिहार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। वैभव ने इस उपलब्धि के साथ क्रोएशिया के जाक वुकुसिच का रिकॉर्ड तोड़ दिया। वुकुसिच ने सात अगस्त 2025 को साइप्रस के खिलाफ 17 साल और 311 दिन की उम्र में अपनी राष्ट्रीय टीम की कप्तानी की थी। इस सूची में पाकिस्तान के तैमूर अली भी शामिल हैं, जिन्होंने 2009 में घरेलू टी20 प्रतियोगिता में क्वेटा बीयर्स की कप्तानी 17 साल और 358 दिन की उम्र में की थी। इसके अलावा नॉमान अमजद ने जुलाई 2022 में चेक गणराज्य के खिलाफ फ्रांस की कप्तानी की थी। वहीं, लक्ष बड़ाकनिया ने भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कप्तानी कर इस सूची में जगह बनाई।

भारत-न्यूजीलैंड : पांचवें एकदिवसीय मुकाबले में स्विंग के इम्तिहान से तय होगी श्रृंखला

नई दिल्ली, 14 नवंबर। भारतीय बल्लेबाज रविवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम एकदिवसीय में स्विंग लेती गेंदों के सामने बेहतर प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेंगे क्योंकि इस मुकाबले से शृंखला का नतीजा भी तय होगा। भारत शुक्रवार को यहां एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में अपनी दूसरी सबसे बड़ी हार झेलने के बावजूद शृंखला में 2-1 से आगे है। स्विंग और सीम की अनुकूल परिस्थितियों में भारतीय बल्लेबाज पूरी तरह नाकाम रहे और मैट हेनरी ने शुरुआती ओवर में ही तीन विकेट झटककर अपनी टीम की जीत लगभग सुनिश्चित कर दी। भारत को तेज गेंदबाजी की अनुकूल पिचों पर अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा क्योंकि 2027 में दक्षिण अफ्रीका में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप में भी उसे ऐसी ही परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। पूरे बल्लेबाजी क्रम की नाकामी को देखते हुए किसी एक खिलाड़ी को जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं होगा। हालांकि रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर पांच मैच की इस शृंखला में अब तक प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे हैं।

अय्यर का कप्तान के रूप में पदार्पण भी निराशाजनक रहा। हेनरी की शानदार गेंद पर रोहित चकमा खा गए और स्लिप में कैच दे बैठे जबकि अय्यर तेज गति से अंदर की ओर आई गेंद पर पगबाधा हो गए। केवल एक प्रारूप में खेलने वाले रोहित और विराट कोहली के लिए यह मुकाबला न्यूजीलैंड के संभवत: अपने आखिरी दौरे पर दर्शकों का मनोरंजन करने का अंतिम मौका हो सकता है। शुक्रवार रात कोहली भी हेनरी की घातक गेंदबाजी का कोई जवाब नहीं दे सके। न्यूजीलैंड के 334 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम का 26.4 ओवर में 89 रन पर सिमट जाना मुख्य कोच गौतम गंभीर को बिल्कुल पसंद नहीं आया। गंभीर ने कहा, ''ये ऐसी परिस्थितियां हैं जो विश्व कप के दौरान मिलने वाली परिस्थितियों के सबसे करीब होंगी।

बड़ी चिंता रन बनाने की नहीं है बल्कि यह है कि हम कितनी जल्दी आउट हो गए। हम 26 या 27 ओवर में ही सिमट गए। यह हमेशा चिंता का विषय होता है।'' कप्तान अय्यर ने कहा कि दूसरी पारी में परिस्थितियां गेंदबाजों के काफी अनुकूल हो गई थीं लेकिन दोनों टीम के तेज गेंदबाजों के पावरप्ले में प्रदर्शन में बड़ा अंतर था। न्यूजीलैंड ने पिछले सात वर्षों से अपनी धरती पर कोई शृंखला नहीं गंवाई है और ऐसे में वह चोट खाए लेकिन मजबूत प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ अपना यह रिकॉर्ड बरकरार रखने के लिए पूरा जोर लगाएगा।

टोटल चेस विश्व चैम्पियनशिप टूर : मार्टिरोस्यान ने कार्लसन को हराया, ग्रुप-सी में बनाई बढ़त

बुडापेस्ट (हंगरी), 14 नवंबर। अर्मेनिया के ग्रैंडमास्टर हाइक मार्टिरोस्यान ने टोटल चेस विश्व चैंपियनशिप टूर के फास्ट क्लासिक ग्रुप चरण के तीसरे दिन बड़ा उलटफेर करते हुए विश्व के दिग्गज खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हरा दिया। इस जीत के साथ मार्टिरोस्यान ग्रुप सी में 10 अंकों के साथ एकल बढ़त पर पहुंच गए। वहीं, एंड्रयू हांग ने ग्रुप ए के शीर्ष खिलाड़ी अलीरेजा फिरोजा को हराकर उन्हें इस चरण की पहली हार का स्वाद चखाया। बुडापेस्ट में खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में तीसरे दिन पांचवें और छठे दौर के मुकाबले हुए। कुल 24 मुकाबलों में 10 के नतीजे निकले। प्रत्येक खिलाड़ी को एक ही प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ दो मुकाबले खेलने थे, जिनमें दूसरे मुकाबले में रंग बदल दिए गए। जीत पर तीन और ड्रॉ पर एक अंक दिए जा रहे हैं। छह मुकाबलों के बाद चारों ग्रुप में अलग-अलग खिलाड़ी शीर्ष पर हैं। ग्रुप ए में फिरोजा 11 अंक, ग्रुप बी में फैबियानो कारुआना 14 अंक, ग्रुप सी में मार्टिरोस्यान 10 अंक और ग्रुप डी में मैक्सिम वाचिएर-लाग्रेव 12 अंकों के साथ पहले स्थान पर हैं। **कार्लसन को हराकर मार्टिरोस्यान ग्रुप सी में शीर्ष पर** - दिन का सबसे बड़ा मुकाबला ग्रुप सी में देखने को मिला, जहां हाइक मार्टिरोस्यान ने मैग्नस कार्लसन को हराकर उनकी लगातार चार ड्रॉ के बाद पहली हार दर्ज की। सफेद मोहरों से खेलते हुए मार्टिरोस्यान ने आक्रामक स्थिति बनाई और लगातार दबाव बनाकर जीत हासिल की। वापसी का मुकाबला ड्रॉ रहा।

एशियन चैम्पियंस ट्रॉफी में फिर ऊंचा स्तर स्थापित करने उतरेंगे : सलीमा



नई दिल्ली, 14 नवंबर। भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे को पूरा भरोसा है कि उनकी टीम मध्य प्रदेश महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी भोपाल 2026 में भी अपनी जीत का सिलसिला बरकरार रखेगी। तीन बार की चैंपियन यह टीम, इस साल शानदार प्रदर्शन करने के बाद अब अपने घरेलू मैदान पर अपना खिताब बचाने के लिए तैयार है।

भारत इस टूर्नामेंट में पिछले महीने जापान में हुए एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने के बाद उतर रहा है। इससे पहले टीम ने एफआईएच नेशंस कप भी जीता था और एफआईएच वर्ल्ड कप में पांचवां स्थान हासिल किया था, जो 1974 के बाद से उनका अब तक का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन है। सलीमा का मानना है कि अलग-अलग टूर्नामेंटों में टीम के लगातार अच्छे प्रदर्शन ने उनका आत्मविश्वास बढ़ाया है और एक ऐसा मानक स्थापित किया है, जिसे वे आगे भी बनाए रखना चाहती हैं।

हॉकी इंडिया के साथ एक इंटरव्यू में सलीमा ने कहा, ''हमने हर टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन किया और जापान में एशियन गेम्स का स्वर्ण पदक जीता। हमारी निरंतरता अच्छी रही है। हमने अपने लिए जो मानक तय किए हैं, हम उन्हें बनाए रखने और अपने प्रदर्शन के स्तर को और ऊंचा उठाने की कोशिश करेंगे।'' भोपाल में होने वाला यह टूर्नामेंट इस साल का आखिरी आयोजन है। कप्तान चाहती हैं कि खिलाड़ी उसी एकजुटता के साथ इस चुनौती का सामना करें, जो उनकी हालिया सफलताओं का मुख्य आधार रही है।

उन्होंने आगे कहा, ''यह हमारे लिए इस साल का आखिरी टूर्नामेंट है, इसलिए हम इसका आनंद लेने की कोशिश करेंगे और एक बार फिर दिखाएंगे कि हम एक-दूसरे पर कितना भरोसा और विश्वास करते हैं।''

एशियन गेम्स के फाइनल में भारत ने चीन को हराया था, और भोपाल में भी ये दोनों टीमें एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दे सकती हैं। हालांकि, सलीमा ने साफ कर दिया है कि मेजबान टीम अपनी तैयारियों को विरोधियों के हिसाब से तय नहीं होने देगी। उन्होंने कहा, ''बेशक, चीन पूरी तैयारी के साथ आएगा, लेकिन हमारा ध्यान इस बात पर नहीं है कि हमारे विरोधी क्या कर रहे हैं। हम सिर्फ खुद पर, अपने खेल के ढांचे पर और कोच के निर्देशों का पालन करने पर ध्यान दे रहे हैं। संक्षेप में कहें तो, हम अपना स्वाभाविक खेल खेलना चाहते हैं।''

समलेश्वरी स्पोर्टिंग क्लब से भिड़ेगी राजस्थान यूनाइटेड एफसी

जयपुर, 14 नवंबर। राजस्थान यूनाइटेड एफसी (डेजर्ट वॉरियर्स) आईएफएल 2026-27 में अपने पहले अवे मुकाबले में 15 नवंबर को ओडिशा के राउरकेला स्थित बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम में समलेश्वरी स्पोर्टिंग क्लब से भिड़ेगी। मुकाबला शाम 6:30 बजे शुरू होगा। शुरुआती दो घरेलू मैचों में अपेक्षित परिणाम नहीं मिलने के बाद राजस्थान की टीम जीत के साथ वापसी करने और तीन अंक हासिल करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। मैच से पहले मुख्य कोच ज्यूसेप्पे क्रिस्टाल्डी ने कहा कि टीम का लक्ष्य हर मुकाबले में तीन अंक हासिल करना है और खिलाड़ी आखिरी सेकंड तक संघर्ष करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। खिलाड़ी क्रिस्टो कामाई ने भी बेहतर प्रदर्शन का भरोसा जताया।

न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम में गुरनूर शामिल, कुलदीप बाहर

नई दिल्ली, 14 नवंबर। न्यूजीलैंड के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले भारतीय टीम में बदलाव किया गया है। पुरुष चयन समिति ने तेज गेंदबाज गुरनूर बरार को टीम में शामिल किया है, जबकि कुलदीप यादव को घरेलू क्रिकेट खेलने के लिए टेस्ट टीम से रिलीज कर दिया गया है। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत भी भारतीय टेस्ट टीम के सदस्यों के साथ जुड़ गए हैं।



भारत और न्यूजीलैंड के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज 19 नवंबर 2026 से वेलिंगटन में शुरू होगी। यह सीरीज विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के जून 2027 में होने वाले फाइनल की दौड़ के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण है।

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में न्यूजीलैंड फिलहाल शीर्ष पर है। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया भी अंक प्रतिशत के आधार पर उसके करीब हैं। भारत चौथे स्थान पर है और शीर्ष टीमों से कुछ पीछे चल रहा है। ऐसे में फाइनल की दौड़ में बने रहने के लिए भारतीय टीम को अपने बाकी बचे सात टेस्ट मैचों में से अधिकतर में जीत दर्ज करनी होगी। भारत का अभियान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की घरेलू सीरीज के साथ समाप्त होगा।

न्यूजीलैंड के खिलाफ संशोधित भारतीय टेस्ट टीम - शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल (उपकप्तान), देवदत्त पडिक्कल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, अंशुल कंबोज, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, साई सुदर्शन, नीतीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, मोहम्मद सिराज और गुरनूर बरार।

मेसी के संन्यास के बाद पहले मुकाबले में हारा अर्जेंटीना, उरुग्वे ने 2-1 से दी शिकस्त

ब्यूनस आयर्स, 14 नवंबर। लियोनेल मेसी के अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास के बाद अपने पहले मुकाबले में अर्जेंटीना को हार का सामना करना पड़ा। शुक्रवार को खेले गए मैत्री मुकाबले में उरुग्वे ने अर्जेंटीना को 2-1 से शिकस्त दी। अर्जेंटीना की हार में डिफेंडर लियोनार्डो बालेरदी का आत्मघाती गोल और उरुग्वे के मिडफील्डर मैक्सी अराउजो का गोल निर्णायक साबित हुआ।

उरुग्वे के नए मुख्य कोच डिएगो फोर्लान के नेतृत्व में टीम की यह तीसरी जीत है। दूसरी ओर, 2026 विश्व कप की उपविजेता अर्जेंटीना मेसी की गैरमौजूदगी में लंबे समय तक उरुग्वे की मजबूत रक्षापंक्ति को भेदने में नाकाम रही। लिसांद्रो मार्टिनेज ने हेडर से गेंद को बाहर करने की कोशिश की, लेकिन गेंद उनके साथी खिलाड़ी बालेरदी से टकराकर अपने ही गोल में चली गई। इसके बाद 53वें मिनट में डी अरास्काएटा ने कॉर्नर किक से उरुग्वे की बढ़त दोगुनी कर दी। गेंद अराउजो के कंधे से टकराकर ऊंची उछली और गोलपोस्ट में पहुंच गई।

अर्जेंटीना के लिए एटलेटिको मैड्रिड के स्ट्राइकर जूलियन अल्वारेज ने 73वें मिनट में गोल कर वापसी की उम्मीद जगाई। इंजरी टाइम में भी उनके पास एक और अच्छा मौका आया, लेकिन उरुग्वे ने अपनी बढ़त बरकरार रखते हुए मुकाबला 2-1 से जीत लिया।

जूनियर बॉल बैडमिंटन में जयपुर की बालिकाओं ने जीता कांस्य पदक



जयपुर, 14 नवंबर। श्रीगंगानगर के मांझूवास में आयोजित आठवीं जूनियर राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में जयपुर की बालिका टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान हासिल किया। तीन दिवसीय प्रतियोगिता का शनिवार को रोमांचक मुकाबलों के साथ समापन हुआ। बालक वर्ग में हनुमानगढ़ ने खिताब जीता, जबकि बालिका वर्ग में चूरू की टीम विजेता रही।

राजस्थान बॉल बैडमिंटन संघ के महासचिव शौकत अली मंसूरी ने बताया कि बालिका वर्ग के पहले सेमीफाइनल में चूरू ने जयपुर को 35-16 और 35-25 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल में टोंक ने हनुमानगढ़ को 35-26 और 35-25 से पराजित किया। फाइनल में चूरू ने पहला सेट हारने के बाद शानदार वापसी करते हुए टोंक को 31-35, 35-27 और 35-27 से हराकर खिताब अपने नाम किया। बालिका वर्ग में चूरू प्रथम, टोंक द्वितीय तथा जयपुर और हनुमानगढ़ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे।

हनुमानगढ़ ने ब्यावर को हराकर जीता खिताब

बालक वर्ग के सेमीफाइनल में हनुमानगढ़ ने करौली को हराकर फाइनल में जगह बनाई। दूसरे सेमीफाइनल में ब्यावर ने टोंक को कड़े मुकाबले में 20-35, 35-27 और 35-30 से शिकस्त दी। फाइनल में हनुमानगढ़ ने ब्यावर को सीधे सेटों में 35-29 और 35-28 से हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। बालक वर्ग में हनुमानगढ़ प्रथम, ब्यावर द्वितीय तथा करौली और टोंक संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे।

भारत सैफ चैम्पियनशिप के फाइनल में, सेमीफाइनल में भूटान को 2-1 से हराया



ढाका, 14 नवंबर। भारतीय फुटबॉल टीम ने शनिवार को ढाका के नेशनल स्टेडियम में खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में भूटान को 2-1 से हराकर सैफ चैंपियनशिप 2026 के फाइनल में जगह बना ली। भारत की ओर से पीवी विष्णु और चिंगलेनसाना सिंह कोनशाम ने गोल किए, जबकि भूटान के लिए किंजांग ताशी तोबदेन ने एक गोल किया। इस मुकाबले के दौरान पहली बार टूर्नामेंट में वीडियो असिस्टेंट रेफरी (वीएआर) तकनीक का इस्तेमाल भी किया गया। नौशाद मूसा के मार्गदर्शन में खेल रही भारतीय टीम अब रिकॉर्ड 10वीं बार सैफ चैंपियनशिप का खिताब जीतने की तैयारी में है। फाइनल में उसका सामना दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा।

सैयद मुश्ताक अली टी-20 में राजस्थान की विजयी शुरुआत, यूपी को 4 विकेट से हराया

अभिजीत ने बनाए 63 रन, रोहन राजभर और महिपाल लोमरोर ने भी किया शानदार प्रदर्शन, महिला अंडर-23 टीम को उत्तर प्रदेश ने हराया

जयपुर, 14 नवंबर। बीसीसीआई की सीनियर सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी में राजस्थान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्तर प्रदेश को 4 विकेट से हराकर प्रतियोगिता में विजयी शुरुआत की। मुंबई में खेले गए मुकाबले में उत्तर प्रदेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 171 रन बनाए। समीर रिजवी ने नाबाद 74 रन की पारी खेली। राजस्थान की ओर से मानव सुथार और राहुल चाहर ने 2-2 विकेट लिए, जबकि हिमांशु नेहरा और दीपक चाहर को एक-एक सफलता मिली। जवाब में राजस्थान ने अभिजीत तोमर के 63, रोहन राजभर के 48 और महिपाल लोमरोर के 33 रनों की मदद से 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। उत्तर प्रदेश की ओर से प्रशांत वीर और जीशान ने 2-2 विकेट लिए। वहीं, बीसीसीआई अंडर-23 महिला टी-20 ट्रॉफी में राजस्थान को उत्तर प्रदेश के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। उत्तर प्रदेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 107 रन बनाए। जवाब में राजस्थान की टीम 60 रन पर ऑलआउट हो गई।



आरसीए अंडर-23 टी-20 चैलेंजर ट्रॉफी में छह मुकाबलों के परिणाम

राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की अंडर-23 टी-20 चैलेंजर ट्रॉफी में शनिवार को विभिन्न मैदानों पर छह मुकाबले खेले गए। **केएल सैनी स्टेडियम** में टीम डी ने टीम आई को 8 विकेट से हराया। टीम आई ने 9 विकेट पर 117 रन बनाए। जवाब में टीम डी ने जसवंत चौहान के नाबाद 39, युवराज के 35 और जयवर्धन के 33 रनों की बदौलत 2 विकेट पर 121 रन बनाकर जीत दर्ज की। दूसरे मुकाबले में टीम बी ने टीम जी को 41 रन से हराया। टीम बी ने देवांश जायसवाल (71) और विशाल सैनी (65) की पारियों से 4 विकेट पर 197 रन बनाए। जवाब में टीम जी 4 विकेट पर 156 रन ही बना सकी। सयैद अली ने 68 रन बनाए।



लक्ष्य ग्राउंड पर टीम एफ ने टीम जे को 29 रन से हराया। टीम एफ ने मनय कटारिया (84) और शोभित मिश्रा (62) की पारियों से 6 विकेट पर 220 रन बनाए। जवाब में टीम जे 5 विकेट पर 191 रन बना सकी। दूसरे मैच में टीम सी ने टीम एच को एक विकेट से रोमांचक शिकस्त दी। टीम एच ने 8 विकेट पर 149 रन बनाए, जबकि टीम सी ने राजीव दुकतावा के नाबाद 42 और ललित शेरावत के 34 रनों की मदद से 9 विकेट पर 154 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। टीम एच के सलाउद्दीन ने 31 रन देकर 5 विकेट लिए।

अनंतम ग्राउंड पर टीम ए ने टीम ई को 66 रन से हराया। टीम ए ने नावेद खान (64), सौरव यादव (58) और पार्थ यादव (नाबाद 34) की पारियों से 5 विकेट पर 191 रन बनाए। जवाब में टीम ई की पारी 125 रन पर सिमट गई। अंकित कुमार ने 56 रन बनाए। टीम ए की ओर से नावेद खान और जतिन सैनी ने 3-3 विकेट लेकर जीत में अहम भूमिका निभाई।

सीनियर नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में इंडियन राउंड के मुकाबले में राजस्थान को स्वर्ण पदक सहित दोहरी सफलता



जयपुर, 14 नवंबर। प्रतिभा कंडारा ने 661 अंकों के साथ जीता स्वर्ण, इंडियन राउंड पुरुष टीम फाइनल में पहुंची, महिला एवं पुरुष दोनों टीमों ने नेशनल गेम्स के लिए किया क्वालीफाई मेघालय के शिलांग में आयोजित सीनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के दूसरे दिन राजस्थान के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक सहित दोहरी सफलता हासिल की। राजस्थान की प्रतिभाशाली तीरंदाज प्रतिभा कंडारा ने रैंकिंग राउंड में 661 अंक अर्जित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया और प्रदेश का गौरव बढ़ाया। राजस्थान तीरंदाजी संघ के महासचिव सुरेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि प्रतिभा कंडारा ने बेहतरीन निशानेबाजी का प्रदर्शन करते हुए सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राजस्थान को स्वर्ण पदक दिलाया। वहीं इंडियन राउंड पुरुष वर्ग में युवराज वर्मा, विकास यादव, हर्षित और निशांत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम को फाइनल में पहुंचाया। राजस्थान की पुरुष टीम का फाइनल मुकाबला 17 नवंबर को मणिपुर के साथ खेला जाएगा। उन्होंने बताया कि राजस्थान के लिए एक और बड़ी उपलब्धि यह रही कि इंडियन राउंड की महिला एवं पुरुष दोनों टीमों ने आगामी नेशनल गेम्स के लिए क्वालीफाई कर लिया है। दोनों टीमों का नेशनल गेम्स में स्थान सुनिश्चित होना प्रदेश की तीरंदाजी के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। राजस्थान के तीरंदाजों की इस सफलता से प्रदेश में खेल जगत में खुशी की लहर है। अब सभी की निगाहें 17 नवंबर को होने वाले इंडियन राउंड पुरुष टीम के फाइनल मुकाबले पर टिकी हैं, जहां राजस्थान की टीम स्वर्ण पदक के लिए निशाना साधेगी।